आयुष विवि के स्नातकोत्तर आयुर्वेद व यूनानी पद्धति का परीक्षा परिणाम घोषित

(70)

जासं, भटहट : महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय से संबद्ध राजकीय व निजी आयुर्वेदिक एवं यूनानी कालेजों में सत्र 2021 के स्नातकोत्तर परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। कुलपति प्रो. एके सिंह ने बताया कि आयुर्वेद पद्धति के स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस) का परीक्षा परिणाम 63.63 प्रतिशत रहा। यूनानी पद्धति के स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस) का परिणाम 89.18 प्रतिशत रहा। कुलपति ने कहा कि आयुर्वेद की परीक्षाएं 13 से 15 मई तक और स्नातकोत्तर यूनानी की परीक्षा 27 से 31 मई तक विभिन्न राजकीय कालेजों में आयोजित की गई, जिसमें आयुर्वेद पद्धति के स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस) के कुल 154 तथा यूनानी स्नातकोत्तर (एमडी/एमएस) के 37 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। उत्तर पुस्तिकाओं के आनलाइन मूल्यांकन के बाद परीक्षा समिति ने परिणाम घोषित किया है।

कुलपति प्रो.एके सिंह